आप सभी को 76वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

UDYAM-BR-0010266

# केशव न्यूज

www.keshavtv24.com रविवार 26 जनवरी 2025 वर्ष 01 अंक 01 पृष्ठ 4 keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

आज का संघर्ष जितना ज़्यादा होगा कल सफलता भी उतनी ही अच्छी मिलेगी ।

## सीएम योगी पहुंचे प्रयागराज

संवाददाता केशव न्यूज

*महाकुंभ– यमुना में 35 फीट गहराई पर नाव पलटी, 10 लोगों को बचाया गया*

महाकुंभ के 13वें दिन शनिवार सुबह प्रयागराज के किला घाट पर यमुना में बड़ा हादसा हुआ। एक नाव पलटने से उसमें सवार 10 लोग यमुना में डूबने लगे। जल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लाइफ जैकेट और रिंग्स फेंककर सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना स्थल पर यमुना की गहराई करीब 35 फीट थी। सभी को प्राथ. मिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस हादसे के बाद प्रशासन ने किला घाट पर नावों का संचालन फिलहाल रोक दिया है।

### सुबह दो गाड़ियों में लगी आग

इसी बीच, महाकुंभ क्षेत्र में सेक्टर–2 के पास दो गाड़ियों में आग लगने की घटना भी सामने आई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फायर अधिकारी विशाल यादव ने बताया कि एक गाड़ी में अचानक आग लगने के बाद पास खड़ी दूसरी गाड़ी भी आंशिक रूप से जल गई। आग लगने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है। इससे पहले, 19 जनवरी को सिलेंडर गैस लीक होने से सेक्टर–19 में आग लगने की घटना हुई थी, जिसमें 180 टेंट जलकर खाक हो गए थे।

### गायक गुरु रंधावा ने किया स्नान, ब्ड योगी ने तैयारियों की समीक्षा की

मशहूर गायक गुरु रंधावा ने शुक्रवार को मह. ाकुंभ में स्नान किया। उन्होंने ग (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, नई शुरुआत कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा में भाग लिया।

यह मुख्यमंत्री योगी का महाकुंभ के दौरान तीसरा दौरा है। इस बार वह मौनी अमावस्या स्नान की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मौनी अमावस्या पर 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के लिए पहुंचने की संभावना है।

### शहरी क्षेत्र में स्कूल बंद, ऑनलाइन कक्षाएं शुरू

महाकुंभ के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज के शहरी क्षेत्रों में 25 जनवरी से 3 फरवरी तक कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। बच्चों को इन दिनों ऑनलाइन पढ़ाई कराई जाएगी।

महाकुंभ के आयोजन के साथ प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की जा रही है। हालांकि, हालिया घटनाओं ने सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

## गणतंत्र दिवस से पहले मुंगेर पुलिस का बड़ा खुलासा- अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, 5 तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में उपकरण बरामद

**अवैध गन फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई हथियार बनाने का जखीरा जब्त**

संवाददाता केशव न्यूज

मुंगेर : गणतंत्र दिवस से पहले मुंगेर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण की एक बड़ी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा बांक पंचायत के कंचनगढ़ा में की गई, जहां शिवम कुमार यादव के नवनिर्मित घर पर हथियार निर्माण किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया।

पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में हथियार निर्माण के उपकरण और सामान बरामद किया है। इनमें एक बेस मशीन, एक अर्धनिर्मित कट्टा, लोहे का अर्धनिर्मित बैरल, दो मोबाइल फोन और हैंड ड्रिल मशीन शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बांक कंचनगढ़ के शिवम कुमार यादव और संकेत कुमार, तौफिर गांव के सचिन कुमार उर्फ छोटू, चुरंबा



के मोहम्मद जावेद और पूरबसराय ब्रह्मस्थान के संजय शर्मा शामिल हैं। सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से संजय शर्मा पहले भी आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर की गई। पुलिस की डीआईयू टीम और मुफस्सिल थानाध्यक्ष की संयुक्त टीम ने घर की घेराबंदी कर यह बड़ी कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, एक आरोपी पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का मानना है कि यह गैंग हथियारों की तस्करी में लंबे समय से सक्रिय था और गणतंत्र दिवस से पहले किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था।

एसडीपीओ ने बताया कि यह कार्रवाई गणतंत्र दिवस से पहले अपराधियों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए की गई है। एसपी के निर्देश पर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

मुंगेर जिला लंबे समय से अवैध हथियार निर्माण के लिए कुख्यात रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई ने न केवल अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है, बल्कि जिले में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर प्रशासन की प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया है।

## शादी और वर्क फ्रॉम होम के नाम पर नौ मामलों में लाखों की ठगी, मास्टरमाइंड फरार



पटना : पहले मामले में, किरण मिश्रा नामक एक व्यक्ति ने खुद को दिल्ली विश्वविद्यालय का असिस्टेंट प्रोफेसर बताकर पटना की एक युवती से शादी के लिए संपर्क किया। वह युवती के घर जाकर उसके माता–पिता से मिला और बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। इसी बीच उसने अपनी मां के बीमार होने का बहाना बनाकर युवती से 50 हजार रुपए ठग लिए। बाद में, जांच में पता चला कि वह दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर नहीं है और कई युवतियों को शादी का झांसा देकर ठगी कर चुका है।

एक अन्य घटना में, बुद्धा कॉलोनी की रानी कुमारी को अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने उन्हें सोशल मीडिया पर वीडियो लाइक करने के बदले पैसे कमाने का झांसा दिया। इसके जरिए शातिर अपराधी ने उनसे 80 हजार रुपए ठग लिए।

साइबर अपराधियों ने इसी तरह कई अन्य लोगों को भी ठगा। फतुहा के अजय कुमार तिवारी से 59 हजार, नूनू लाल यादव से 64 हजार, दानापुर के राजीव रंजन से 49 हजार, बोरिंग रोड के प्रलाश कुमार दत्ता से 25,590 रुपए, दारोगा राय पथ की शिवानी कुमारी से 22,200 रुपए, बोरिंग रोड की नेहा कुमारी से 11,400 रुपए और मसौढ़ी की अर्चना कुमारी से 10 हजार रुपए ठगे गए हैं।

पुलिस ने इन सभी मामलों की जांच शुरू कर दी है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है, और लोगों को अज्ञात कॉल्स और ऑफर्स से बचने की सलाह दी जा रही है।

## डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने विपक्ष पर साधा निशाना – रोजगार छीनना और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना ही आरजेडी का विजन

**बिहार का भविष्य 2025 में बदलेगा, आरजेडी से मुक्त होगा राज्य – डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा**

संवाददाता केशव न्यूज

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को विपक्ष, विशेषकर आरजेडी, पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आरजेडी का कल्चर केवल पलायन और बेरोजगारी को बढ़ावा देने का मंत्र देता है। रोजगार छीनना और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना ही उनका विजन और सोच है। जो लोग अपराध और भ्रष्टाचार को बढ़ाने का खेल खेलते हैं, उनके रोजगार की बात करने पर जनता को विश्वास नहीं होता।

डिप्टी सीएम ने कहा कि आरजेडी के पास रोजगार सृजन का कोई ठोस लक्षण या विजन नहीं है। जब इनके कार्यकाल में उद्योग ध्वस्त हो गए, तो ये नई योजनाओं और उद्योगों की बात कैसे कर सकते हैं? उन्होंने याद दिलाया कि विपक्ष के नेताओं को दो–दो बार डिप्टी सीएम का मौका मिला था, लेकिन उन्होंने उस दौरान राज्य में विकास का कोई काम नहीं किया।

विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अगर बिहार के भविष्य को बेहतर बनाना है, तो जनता को आरजेडी के कल्चर और उसके प्रभाव से मुक्ति पाना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद का भय आज भी निवेशकों को बिहार आने से रोकता है।



डिप्टी सीएम ने दावा किया कि 2025 में बिहार की जनता एक बार फिर से बेहतर भविष्य, स्वाि. भमान और विकसित बिहार के सपने को साकार करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

इस दौरान डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा से मिलने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने आगामी 19 फरवरी को आयोजित होने वाले कल्कि धाम स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विजय कुमार सिन्हा को आमंत्रित किया।













## सरस्वती पूजा के लिए अनुमति अनिवार्य– नालंदा प्रशासन की तैयारी, डीजे पर पाबंदी



संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले में 3 फरवरी को होने वाली सरस्वती पूजा के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार सभी निजी और सरकारी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों, लॉज और सार्वजनिक स्थलों पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा। पिछले कुछ वर्षों में बिना अनुमति मूर्ति स्थापना के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हुई थीं। इस बार संबंधित संस्थानों के संचालकों को डोर–टू–डोर जागरूकता अभियान चलाकर अनुमति प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि मूर्ति विसर्जन केवल निर्धारित स्थानों पर किया जाए। विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अराजकता नहीं होनी चाहिए। डीजे के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे।

### कार्यक्रम का आयोजन पब्लिक स्कूल एसोसिएशन, नालंदा द्वारा किया गया

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक शाम शहीदों के नाम का भव्य आयोजन

**देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल, शहीद परिवारों को किया गया सम्मानित**

संवाददाता केशव न्यूज









रजनीश, नालंदा – नालंदा जिला मुख्यालय स्थित कैरियर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक अद्भुत और भव्य कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पब्लिक स्कूल एसोसिएशन, नालंदा द्वारा किया गया, जिसमें जिले के 24 प्रमुख स्कूलों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधि. कारी राजकुमार और जिला न्यायाधीश इशरार अहमद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उपस्थित दर्शकों और विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को जगाने के लिए सांस्कृतिक और देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों की धारा बहाई गई। कार्यक्रम ने सभी के दिलों में देशप्रेम का जोश भर दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति से प्रेरित गीतों, नृत्यों और नाटकों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वशेष रूप से बाल भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य को दर्शकों की खूब सराहना मिली। इसी प्रकार, किड्जी सोहन कुआं, आरपीएस स्कूल सोहन कुआं, ओपन माइंड बिरला स्कूल, नालंदा जूनियर स्कूल सहित अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। इन बच्चों की अद्वितीय प्रतिभा ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में उन दो वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करना शामिल था, जिन्होंने देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर किए। यह क्षण पूरे आयोजन का भावुक और प्रेरणादायक हिस्सा था। शहीद परिवारों को सम्मानित कर उनकी त्याग और बलिदान की भावना को सभी ने नमन किया। यह पहल बच्चों और दर्शकों के लिए देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करने वाली साबित हुई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और शिक्षकों के साथ ही शहर के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति, स्कूलों के निदेशक और पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे। इन सभी ने न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस आयोजन ने न केवल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को यादगार बनाया, बल्कि यह भी सिखाया कि शहीदों की कुर्बानी को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने की प्रेरणा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अद्भुत आयोजन ने सभी के दिलों में देशप्रेम की भावना को और अधिक प्रबल कर दिया।

## 92 वर्षीय बुजुर्ग की पोखर में मिली लाश– डूबने से मौत की आशंका,



संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले के सारे थाना क्षेत्र अंतर्गत ओन्दा गांव में शुक्रवार शाम से लापता एक 92 वर्षीय बुजुर्ग का शव शनिवार सुबह पानी भरे पोखर में मिला। मृतक की पहचान ओन्दा गांव निवासी राजेन्द्र ढाढ़ी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, राजेन्द्र ढाढ़ी शुक्रवार शाम शौच के लिए गांव के पास स्थित पंचायत सरकार भवन के उत्तर दिशा में पोखर के पास गए थे। जब काफी समय तक वह घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। हालांकि अंधेरा होने के कारण उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। शनिवार सुबह खोजबीन के दौरान पोखर में उनका शव उपलाता हुआ मिला। शव मिलने की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का मानना है कि शौच के बाद पानी छूने के दौरान उनका पैर फिसल गया होगा, जिससे वह गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। सारे थाना अध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेजा गया। परिजनों की ओर से अभी आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एटीएम धोखाधड़ी मामले में दो अपराधी गिरफ्तार – 88,500 नकद, स्विफ्ट गाड़ी और अन्य सामान बरामद

संवाददाता केशव न्यूज



बिहार शरीफ के सोहसराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने एटीएम कार्ड हेराफेरी और धोखाधड़ी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 88,500 रुपये नकद, एक स्विफ्ट कार, दो मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, पांच चेकबुक और दो आधार कार्ड बरामद किए हैं।

22 जनवरी को यूनियन बैंक के एटीएम में एक व्यक्ति पैसे निकालने गया था। वहां एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद आरोपी ने रामचंद्रपुर स्थित एसबीआई एटीएम से 50,000 रुपये निकाल लिए। इस घटना की शिकायत पीड़ित ने सोहसराय थाने में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपियों, विक्की कुमार और सोनी राज, को गिरफ्तार किया। दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस अब उनके अन्य अपराधों की भी जांच कर रही है। थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। इस ऑपरेशन में चंद्रशेखर कुमार, अलीम अंसारी, सोनू कुमार गुप्ता, गोरी शंकर ठाकुर, मनीष कुमार और सशस्त्र बल के सदस्य शामिल थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता की जांच कर रही है। यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सतर्कता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने और एटीएम कार्ड का उपयोग करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

यह कार्रवाई न केवल पुलिस की मुस्तैदी को दर्शाती है, बल्कि समाज को धोखाधड़ी जैसे अप. राधों के प्रति जागरूक होने का संदेश भी देती है। पुलिस की इस तत्परता से लोगों में सुरक्षा की भावना और अपराधियों में कानून का डर पैदा हुआ है।

## जनजीवक संघ बिहार द्वारा प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

संवाददाता केशव न्यूज




बिहार शरीफ : जनजीवक संघ, बिहार द्वारा संघ कार्यालय भरावपर में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर (आरएमपी) उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेश मह. ासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष अनिल कुमार अकेला उपस्थित रहे ।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. सिन्हा ने कहा कि जल्द ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित आरएमपी को स्वास्थ्य रक्षक के रूप में बहाल किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो आरएमपी एनआईओएस से प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाणपत्र ले चुके हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, उन्होंने प्रशिक्षित आरएमपी को धरना–प्रदर्शन की सलाह देने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आरएमपी को दी गई प्रतिष्ठा के खिलाफ बयानबाजी करना अनुचित है। ऐसे नेताओं का संघ से कोई लेना–देना नहीं है।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शशि रंजन प्रसाद ने हृदय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि 50 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को समय–समय पर ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच करवानी चाहिए। भोजन संतुलित और थोड़ी–थोड़ी मात्रा में लेना चाहिए। रात का भोजन हल्का और 6–7 बजे तक कर लेना चाहिए। नियमित मॉर्निंग वॉक करना लाभकारी होता है। बाजार के फास्ट फूड से परहेज करें। यदि सीढ़ी चढ़ने या तेज चलने पर सांस फूलने लगे, तो तुरंत डॉक्टर से जांच कराएं।


उन्होंने कहा की संघ द्वारा जल्द ही निरूशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. भोला प्रसाद, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. शशिभूषण प्रसाद, डॉ. श्याम किशोर प्रसाद और डॉ. गोरखनाथ अकेला समेत सैकड़ों ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर उपस्थित थे।









# मुजफ्फरपुर में पत्नी की हत्या कर दफनाया, 6 दिन बाद शव बरामद– मां का आरोप, बाइक के लिए बेटी की हत्या की गई; तीन बच्चों की मौत भी संदिग्ध

संवाददाता केशव न्यूज

मुजफ्फरपुर के बरूराज थाना क्षेत्र के बड़ा बैजनाथ गांव में एक विवाहिता की हत्या कर दी गई और शव को ससुराल वालों ने पुलिस से बचने के लिए 500 मीटर दूर स्थित कबि.स्तान में दफन कर दिया। यह घटना 19 जनवरी को हुई थी और छह दिन बाद शनिवार को पुलिस ने शव को बरामद किया। शव की पहचान मृतका नूरजहां खातून के रूप में हुई है, जो मो. नाजिर की पत्नी थीं।

मृतका की मां, चानो खातून ने आरोप लगाया कि नाजिर और उसके परिवार ने बाइक की मांग की थी और जब मायके वाले बाइक देने में असमर्थ रहे, तो नूरजहां को मार डाला। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी बेटी को फांसी पर लटका कर हत्या की गई थी। चानो खातून ने बताया कि 2017 में बेटी की शादी हुई थी और प्रशासन से अपील की है कि आरोपी को सजा मिले।

मृतका के ससुराल वालों ने शुरुआत में दावा किया था कि नूरजहां ने आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने कहा कि नूरजहां के मोबाइल पर कुछ पैसे आए थे और इस बात को लेकर पति–पत्नी में विवाद हुआ था, जिसके बाद



नूरजहां ने रूम बंद कर फांसी लगा ली। हालांकि, चानो खातून ने यह आरोप लगाया था कि ससुराल वालों ने उसकी बेटी का शव दफनाया है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

21 जनवरी को चानो खातून ने नाजिर हुसैन और उसके पांच परिवार के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस को 24 जनवरी को शव दफनाने की सूचना मिली और 25 जनवरी को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्रिस्तान में खुदाई कर शव बरामद किया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है, हालांकि आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है।

मृतका के तीन बच्चों की पहले भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी थी, जिससे इस हत्या की जांच और भी जटिल हो गई है।

## राजगीर और नालंदा में डाक सेवाओं का विस्तार उप डाकघरों और हॉलिडे होम का उद्घाटन




संवाददाता केशव न्यूज

राजगीर में बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने शनिवार को राजगीर उप डाकघर को नए भवन में स्थानांतरित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस उप डाकघर में ग्राहकों को बचत बैंक, आधार सेवाएं, कॉमन सर्विस सेंटर, डाक जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और डाक निर्यात केंद्र जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी।

इसके साथ ही नालंदा उप डाकघर में हॉलिडे होम का उद्घाटन किया गया। यह हॉलिडे होम अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें हवादार कमरे, आधुनिक उपकरणों से लैस रसोईघर, सुव्यवस्थित बाथरूम और प्राकृतिक रोशनी के साथ वेंटिलेशन की भी व्यवस्था की गई है। यह हॉलिडे होम गणमान्य व्यक्तियों और यात्रियों के लिए आरामदायक और पर्यावरण–अनुकूल प्रवास प्रदान करेगा।

इस अवसर पर नालंदा डाक वाटिका का भी उद्घाटन किया गया और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया गया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य स्थानीय लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना और डाक विभाग को आधुनिक सुविधाओं से सशक्त बनाना है। यह कदम क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## औरंगाबाद में करंट से 2 लोगों की मौत– एक खेत में काम कर रहा था, दूसरा बिजली का काम करता था; इलाज के दौरान दम तोड़ा

संवाददाता केशव न्यूज

औरंगाबाद जिले में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना दाऊदनगर थाना क्षेत्र के तरार गांव की है, जहां अवधेश कुमार सिंह (50) की करंट लगने से मौत हो गई। वह कृषि कार्य कर रहे थे। वहीं, दूसरी घटना फेसर थाना क्षेत्र के दोसमा गांव में हुई, जहां बिजली मिस्त्री राजू कुमार (30) की करंट लगने से मौत हो गई। राजू कुमार टेकारी थाना क्षेत्र के नतलाल बिगहा गांव का निवासी था।

अवधेश कुमार सिंह, जो होमगार्ड के जवान थे, 21 दिसंबर 2024 को अपने गांव आए थे और शनिवार को कृषि कार्य करने के लिए खेत में गए थे। उसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गए। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की और उन्हें मृत पाया। घटना की जानकारी मिलते ही



दाऊदनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

वहीं, फेसर थाना क्षेत्र के दोसमा गांव में बिजली मिस्त्री राजू कुमार अन्य कर्मियों के साथ बिजली का काम कर रहा था। इसी दौरान उसे करंट लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि राजू कुमार को इलाज के दौरान मृत घोषित किया गया है। दोनों मामलों में पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया जारी है और पुलिस जांच कर रही है।

## *गया पुलिस का बड़ा खुलासा– अवैध हथियार और कारतूस के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार*

संवाददाता केशव न्यूज

गया जिले के बेलागंज थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक दो नाली बंदूक, छह कारतूस, एक मोबाइल फोन, दो लॉन्ग रेंज टॉर्च और लाल रंग की होंडा अमेज कार (रजिस्ट्रेशन नंबर डब्ल्यूबी 26एटी–4553) बरामद की है।

डीएसपी विधि व्यवस्था रवि प्रकाश सिंह ने जानकारी दी कि एसएसपी के निर्देश पर बेलागंज थाना क्षेत्र में अवैध हथियार रखने और तस्करी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 25 जनवरी को ग्राम गिरधारी विगहा और मुरली पहाड़ के बीच वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।

चेकिंग के दौरान तीन बाइक और उनके पीछे एक कार आती दिखी। पुलिस को देखते ही बाइक सवार मौके से फरार हो गए। कार सवार भी भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर एक लोडेड बंदूक बरामद हुई, जो ड्राइवर की सीट के बगल वाली सीट के अंदर छिपाई गई थी। इसके साथ ही कारतूस और अन्य सामग्री भी



बरामद की गई। पुलिस ने कार सवार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान गया निवासी शहनवाज आलम, जहानाबाद निवासी राशीद खान और जहानाबाद निवासी छोटू खान के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की गई, लेकिन वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अवैध हथियारों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस की मुस्तैदी और तत्परता का उदाहरण है।

## दरभंगा में युवक को पीटकर 25 हजार रुपए छीनने वाले बदमाश गिरफ्तार



दरभंगा के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के जयदेवपट्टी गांव में एक युवक से 25 हजार रुपए छीनने की घटना सामने आई है। पीड़ित राधव कुमार मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनकी मां प्रयागराज कुंभ गई हुई थी, जहां उनके पैसे चोरी हो गए थे। इसलिए, वह अपनी मां को 25 हजार रुपए ट्रांसफर करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में सुरेश मिश्रा, नवीन मिश्रा और हरे राम मिश्रा ने उसे रोक लिया और उसकी पैर पर लोहे की रॉड से हमला कर उसे बेहोश कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित से 25 हजार रुपए छीनकर फरार हो गए।

पीड़ित को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घनश्यामपुर में भर्ती कराया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। बाद में, उसकी स्थिति गंभीर होने पर उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित की ओर से थाना में आवेदन दिया गया है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## गया में भाकपा माले ने निकाला श्संविधान बचाओ तिरंगा मार्चश्, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद की रक्षा का दिया संदेश

गया में भाकपा माले ने 26 जनवरी के अवसर पर श्संविधान बचाओ तिरंगा मार्चश का आयोजन किया। यह तिरंगा यात्रा पार्टी द्वारा पहली बार आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद की रक्षा के लिए लोगों को प्रेरित करना था।

पार्टी के जिला सचिव निरंजन कुमार ने इस मार्च को संविधान और गणतंत्र को सशक्त बनाने का एक अहम कदम बताया। उन्हा.ने कहा कि वर्तमान समय में संविधान और धर्मनिरपेक्षता पर गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं। समाजवाद की भूमिका को खत्म करने की कोशिश हो रही है। ऐसे में संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाना जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संविधान के साथ छेड़छाड़ की गई, तो इसके दुरगामी परिणाम सामने आएंगे। यह तिरंगा यात्रा गांधी मैदान से शुरू होकर कचहरी, जीबी रोड होते हुए टावर चौक पर समाप्त हुई। कार्यक्रम का समापन अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति, का.तवाली स्थित शहीद स्मारक और टावर चौक पर महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

भाकपा माले ने संविधान और गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर दो महीने का श्संविधान बचाओ अभियानश भी शुरू किया है। इस अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर संविधान की प्रस्तावना का शिलापट्ट लगाना, तिरंगा मार्च आयोजित करना और स्वतंत्रता, समानता, भाईचारे की संवैधानिक दृष्टि का प्रचार–प्रसार करना शामिल है। पार्टी का यह आयोजन न केवल संविधान की रक्षा का आह्वान था, बल्कि लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने का भी प्रयास था।









# बिहार के 9 अफसरों को मिलेगा पुलिस मेडल : गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित, 2 अफसरों को विशिष्ट सेवा के लिए पदक

संवाददाता केशव न्यूज

बिहार के 9 पुलिस अफसरों को गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्वारा पुलिस मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इन अधिकारियों और कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसमें से दो अफसरों को विशिष्ट सेवा के लिए और सात अफसरों और पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया जाएगा।

विशिष्ट सेवा के लिए पदक पाने वाले अफसरों में अपर पुलिस महानिदेशक केएस अनुपम और डीएसपी अनिल कुमार शामिल हैं। वहीं, सराहनीय सेवा के लिए कमांडेंट हरि मोहन शुक्ला, एसपी संजय कुमार, मनोज कुमार, सब–इंस्पेक्टर जय प्रकाश, सब–इंस्पेक्टर संजीत कुमार, सब–इंस्पेक्टर शशिकांत और एएसआई अमितेश कुमार उपाध्याय को सम्मानित किया जाएगा।

केएस अनुपम ने बिहार पुलिस में अपनी सेवा के दौरान कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वे पहले जहानाबाद में एएसपी और सहरसा में एसपी के रूप में कार्य कर चुकी हैं। उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपने कड़े रवैये से अपराधियों में खौफ पैदा किया था। उनके



योगदान को देखते हुए उन्हें सोनपुर मेला पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। खगड़िया में लंबे समय तक एसपी रहने के दौरान भी उन्होंने कई गंभीर अपराधों पर लगाम लगाई थी। 2008 में उनके वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था।

दरभंगा में एसपी रहते हुए, केएस अनुपम ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण नीति को लागू किया और इस दौरान 4 नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया। इसके अलावा, पश्चिम चंपारण में एसपी रहते हुए, उन्होंने बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के वांछित अपराधी भागड़ यादव को आत्मसमर्पण करने के लिए राजी किया, जो कि 72 मामलों में आरोपी था। इस तरह के साहसिक और महत्वपूर्ण कार्यों के कारण उन्हें पुलिस पदक से सम्मानित किया जा रहा है।

इन अफसरों का यह सम्मान उनके अद्वितीय योगदान और पुलिस सेवा के प्रति उनकी निष्ठा का प्रतीक है।

## सारण में कुख्यात बदमाश रुदल शाह गिरफ्तार, 2 पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद, 5 साथी भी पकड़े गए



संवाददाता केशव न्यूज

सारण पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए कुख्यात अपराधी और शराब तस्कर रुदल शाह को उसके 5 साथियों समेत गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कुमार आशीष के अनुसार, रुदल शाह पर भगवान बाजार थाना सहित अन्य थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

यह घटना 24 जनवरी को घटी, जब रिविलगंज थाने को जानटोला बिनटोली इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर दो मो. टरसाइकिल सवारों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 2 पिस्टल, 4 जिंदा कारतूस और 6 मोबाइल फोन बरामद हुए।

रुदल शाह, जो देवीगंज थाना क्षेत्र का निवासी है, पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था और हाल ही में शराब तस्करी के धंधे में सक्रिय था। गिरफ्तार अन्य आरोपियों में अनुभव कुमार (नबीगंज, भगवान बाजार) और अल्फाज सिद्दिकी उर्फ लकी शामिल हैं। यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि रुदल शाह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी।

## जमुई में महिला पुलिस जवान की स्कूटी को ऑटो ने मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल; चालक फरार, पुलिस कार्रवाई जारी

संवाददाता केशव न्यूज

जमुई में शनिवार दोपहर को एक गंभीर सड़क दुर्घटना में एसपी कार्यालय में तैनात महिला पुलिस जवान स्मिता कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह हादसा जमुई–मलयपुर मुख्य मार्ग पर शास्त्री कॉलोनी मोड़ के पास हुआ, जब स्मिता कुमारी घर जा रही थीं। रास्ते में एक तेज रफ्तार ऑटो ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गईं।

इस दुर्घटना में महिला पुलिस जवान के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद, ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि, घायल स्मिता कुमारी को उनके सहयोगियों ने ई–रिक्शा के माध्यम से सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक गौरव ने घायल महिला पुलिस जवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए सीटी स्कैन कराने की सलाह दी है, ताकि चोटों का सही से आकलन किया जा सके और उचित उपचार किया जा सके।



घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की है। टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस फरार ऑटो चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए काम कर रही है। इसके साथ ही पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है, ताकि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके और पीड़िता को न्याय मिल सके।

इस घटना के बाद महिला पुलिस जवान की स्थिति पर गंभीर नजर रखी जा रही है, और चिकित्सक उनकी हालत में सुधार के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। यह दुर्घटना न केवल स्मिता कुमारी के लिए बल्कि पुलिस महकमे के लिए भी एक गंभीर मामला बन गई है, क्योंकि इस तरह की घटनाएं महिला पुलिसकर्मियों के लिए सुरक्षा से जुड़े सवाल खड़े करती हैं।







